>

Title: Request the government to give the status of Permanent Teachers to those who are teaching in the tribals school in Jammu and Kashmir.

श्री हसनैन मसूदी: जनाब, जम्मू-कश्मीर में ट्राइबल्स की एक बड़ी अच्छी खासी तादाद गर्मियों में जम्मू से कश्मीर का रुख करती है, कश्मीर के पहाड़ों की तरफ रुख करती है । वह सर्दियों में जम्मू वापस जाती है । उन माइग्रेन्ट्स के लिए सरकार ने कुछ स्कूलों की व्यवस्था की है । वे स्कूल पहाड़ों पर होते हैं, उसमें टीचर्स भी होते हैं । उनकी लाखों की आबादी है, लेकिन जब वे छः महीने के बाद वापस जाते हैं, तब वे स्कूल्स बंद हो जाते हैं और वहां पर जो टीचर्स कार्यरत होते हैं, उनको डिसिन्गेज कर दिया जाता है । इससे उनकी कंटिन्यूटी नहीं रहती है और उनको लाभ भी नहीं मिलता है ।

मेरी यह गुजारिश है कि एक तो इनको बाज़ाब्ता कैडर में शामिल किया जाए, तब तक इनको वहां के स्कूल सिस्टम में इंटीग्रेट किया जाए, ताकि ये वहां पर ज्वाइन कर सकें । मेरा सरकार से यह मुतालबा है कि इनकी तकर्रूरी के लिए, जो इनकी वेजेज़ और सैलरी है, वो बरकरार रहे । उनको पर्मानेन्ट भी किया जाए, ताकि इसमें कोई व्यवधान न हो । ऐसी व्यवस्था की जाए ।